<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–11 जनवरी 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर दिया जोर, कहा–सोशल मीडिया, यूपीआई और तकनीक लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण साधन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में कल प्रधानमंत्री से की मुलाकात, कहा–प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है महाकुम्भ दो हजार पच्चीस।
- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज से किया प्रसार भारती के विशेष चैनल कुम्भवाणी का शुभारंभ, दौरे के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल।
- अयोध्या में आज से मनाया जाएगा प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव, मुख्यमंत्री करेंगे श्रीरामलला का अभिषेक।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए ऐसा करना अनिवार्य है। श्री मोदी ने यह विचार प्रमुख उद्यमी निखिल कामथ को कल दिए गए एक साक्षात्कार में व्यक्त किये।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया, यूपीआई और तकनीक को लोकतंत्र और इसके सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साधन बताया।

***रुपए जो लीकेज होता था, जो भ्रष्टाचार होता था वो गया और टेक्नोलॉजी का एक उपयोग हुआ। आज मैं 30 सेकंड में 10 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पैसे भेजे सकता हूं। मैं आज देश के 13 करोड़ गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को सब्सिडी के पैसे एक क्लिक से 30 सेकंड में भेज सकता हूं***

प्रधानमंत्री कल राष्ट्रीय युवा दिवस पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में देश के तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से भी संवाद करेंगे।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कल नई दिल्ली में मुलाकात की। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री से मुलाकात की फोटो साझा करते हुए श्री योगी ने लिखा है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और प्रेरणा से सनातन गर्व का प्रतीक महाकुंभ दो हजार पच्चीस अपने दिव्य, भव्य और डिजिटल स्वरूप से दुनिया को नए भारत का दर्शन करा रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज में महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी के कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ जाति, पंथ और भेदभाव से परे है और यह एकता का संदेश फैलाता है।

**जो महाकुंभ है वो केवल एक आयोजन नहीं है बल्कि गौरव और गर्व का एक महा समागम है। यहां ना पंथ का भेद है, ना जाति का भेद है। सभी पंथ और संप्रदाय एक साथ आस्था की डुबकी लगाकर प्रयागराज के माध्यम से सनातन धर्म के प्रति इस संदेश को प्रदेश और पूरी दुनिया तक ले कर जाते हैं।**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मंगल धुन का भी शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सरकार की तरफ से प्रसार भारती को धन्यवाद दिया।

इस कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने इस रेडियो चैनल के शुभारम्भ के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन को जन जन तक पहुंचाना प्रसार भारती का लक्ष्य है।

***कुंभवाणी का विशेष एफ एम चैनल लॉन्च किया माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ जी ने शुरू किया है। इस आयोजन को जन–जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है और प्रसार भारती के जो विभिन्न अंग हैं जैसे आकाशवाणी अपना एफ एम चौनल के माध्यम से हमारा मीडियम वेव चौनल है। इसके साथ–साथ डी डी नेशनल, डी डी इंडिया और डी डी न्यूज ये तीनों चैनल लगातार कुंभ को अब से लेकर फरवरी के आखिर तक कवर करते रहेंगे।***

समारोह में प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद, डी.डी. न्यूज की महानिदेशक प्रिया कुमार और कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

कुम्भवाणी को एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूजऑनएआईआर ऐप और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सुना जा सकता है।

इस बीच, तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक होने वाले महाकुम्भ में आध्यात्मिकता और संस्कृति के समागम की तैयारी है। बॉलीवुड से लेकर देश के नामी कलाकार सोलह फरवरी से चौबीस फरवरी तक गंगा पांडाल में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में पर्यटन विभाग की ओर से पांच एकड़ में स्थापित यूपी स्टेट पवेलियन का भी कल उद्घाटन किया। वह कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। पेश है आकाशवाणी समाचार कक्ष की यह खास रिपोर्ट–

***यूपी पवेलियन में प्रदेश के 12 पर्यटन सर्किट को प्रदर्शित किया गया है। यहां थ्री डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य स्थलों को भी दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां संस्कृति विभाग द्वारा निर्मित कलाकुंभ प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कलाकुंभ परिसर में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को पुरातात्विक और अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ प्रदर्शित किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज दौरे के दौरान स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में मां की रसोई का उद्घाटन किया। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये यह रसोई शुरू की गई है। इसमे मात्र नौ रूपये में गरीबों को भरपेट खाना मिलेगा। श्री योगी ने एक अन्य कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कमला बहुगुणा की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।***

मुख्यमंत्री ने राज्य सड़क परिवहन निगन की शटल बसों और अटल सेवा इलेक्ट्रिक बसों को भी प्रयागराज से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने महाकुम्भनगर में कल शाम गंगा आरती में हिस्सा लिया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नागवासुकी मार्ग पर अक्षयपात्र फाउंडेशन द्वारा स्थापित रसोईघर का भी उद्घाटन किया और महंतजनों के साथ प्रसाद वितरित किया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने ब्रह्मकुमारी के स्वर्णिम भारत ज्ञान कुंभ पांडाल का उद्घाटन किया। इस बीच, महाकुम्भनगर में श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन ने भी प्रवेश किया। शहर के विभिन्न मार्गों पर इस अखाड़े का स्वागत किया गया। महाकुम्भ के श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा आज एक दर्जन से अधिक महाकुम्भ स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। वाराणसी जिले के कलेक्ट्रेट स्थित आपदा कण्ट्रोल रूम में महाकुम्भ संबंधित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष चौबीस घंटे क्रियाशील रहेगा। इसका नंबर है शून्य पांच चार दो दो नौ सात शून्य एक एक एक ।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर आज से तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव मनाया जायेगा। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज रामलला के अभिषेक के साथ करेंगे। इसके बाद सोने–चांदी से कढ़ाई की गई पीतांबरी रामलला को पहनाई जायेगी। पिछले वर्ष प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधि विधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर कल प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक, पंचामृत और सरयू के जल से किया जायेगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार इसमें केवल कुछ खास लोगों को ही आमंत्रित किया गया है। वहीं अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 5 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।***

मुख्यमंत्री अंगद टीले से पहली बार साधु संतों और समारोह में आए लोगों को संबोधित करेंगे।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ ताल के चंपादेवी पार्क में कल से तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव शुरू हो गया। इसका उद्घाटन प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया। इस महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये पांच प्रतिभाओं को कल गोरखपुर रत्न से सम्मानित करेंगे।

**********

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन कल दो प्रत्याशियों ने चार सेट में और दो प्रत्याशियों ने दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन प्रक्रिया सत्रह जनवरी तक चलेगी। मिल्कीपुर सीट पर पांच फरवरी को मतदान होगा और आठ फरवरी को नतीजा आयेगा।

**********